# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## अष्टम् सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## शुक्रवार, 28 मार्च, 2025/07 चैत्र,1946 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 24**

----

### मटौर-शिमला राष्ट्रीय उच्च मार्ग

***2948 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मटौर-शालाघाट-शिमला राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; क्या सरकार इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो इस कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

### तटीयकरण

***2949 श्री अजय सोलंकी (नाहन) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नाहन तहसील के अन्तर्गत मारकंडा नदी तथा पांवटा साहिब तहसील के अन्तर्गत सुकी खाला(खड्ड) माजरा के तटीयकरण हेतु क्या पग उठा रही है?

----

## राजकीय महाविद्यालय

***2950 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय पझौता (फटी पटेल) को लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा यह धनराशि किस कार्य पर लगाई गई है; ब्यौरा दें?

----

## अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र

***2951 श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार पुराने भवनों हेतु अग्नि अनापत्ति प्रमाण-पत्र नियमों में किसी प्रकार की रियायत अथवा छूट देने का विचार रखती है;

(ख) क्या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व होटलों को नए अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए अतिरिक्त समय दिया जाएगा; यदि हां, तो सरकार ने इस हेतु कोई समिति गठित की है; और

(ग) व्यापारिक संगठनों एवं होटल उद्योग की इस हेतु क्या मांगें हैं; ब्यौरा दें?

----

## मेधावी छात्र

***2952 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 20 फरवरी, 2025 तक जिला चम्बा के कितने मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप या मोबाइल फोन वितरित किए गए; ब्यौरा शिक्षा खंड व स्कूलवार दें?

----

## नई डंपिंग साइट

***2953 श्री नीरज नैय्यर (चम्बा):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चम्बा नगर परिषद् क्षेत्र से एकत्रित किए जा रहे कूड़े हेतु नई डंपिंग साइट चिन्हित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## लाडा (LADA)

***2954 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला कुल्लू में विभिन्न परियोजनाओं से लाडा के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि का सरकार ने किस तरह से प्रबंधन किया है; वर्तमान में कितनी धनराशि किस बैंक में सरकार द्वारा जमा की गई तथा इस धनराशि पर प्राप्त हो रहे ब्याज व जमा अवधि का ब्यौरा दें;

(ख) क्या यह धनराशि एफ0डी0आर0 (FDR) के रूप में बैंक में जमा है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 20 फरवरी, 2025 तक इस धनराशि पर कितना ब्याज प्राप्त हुआ व ब्याज से प्राप्त धनराशि को कहां-कहां पर व्यय किया गया; ब्यौरा दें?

----

## पैरा- ग्लाइडिंग साइट

***2955 कैप्टन रणजीत सिंह (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पर्यटन विभाग द्वारा सुजानपुर में साहसिक खेलों व पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पैरा-ग्लाइडिंग हेतु एक साइट चिन्हित की गई है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार यहां पैरा-ग्लाइडिंग शुरू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## कृषि उपकरण

***2956 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष से दिनांक 20 फरवरी, 2025 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग द्वारा पावर टिल्लर, ग्रास कटर व अन्य उपकरणों हेतु कितना अनुदान दिया गया तथा कितने अनुदान की अदायगी शेष है; ब्यौरा दें?

----

## कोरोना के दुष्प्रभाव

***2957 श्री सुदर्शन सिंह (बबलू) (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कोरोना टीकाकरण के उपरांत हृदय गति रुकने तथा मस्तिष्क रक्तस्राव से मौतों की दर बढ़ी है; यदि नहीं, तो प्रदेश में 20 से 50 वर्ष तक की आयु के लोगों की मौत की बढ़ती दरों तथा उनकी मौत का कारण एवं मौतों के आंकड़ों का ब्यौरा दें?

----

## फास्टैग

***2958 श्री विनोद सुल्तानपुरी (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों में अत्यधिक टोल बैरियर होने के कारण दूसरे राज्यों से आने वाले पर्यटकों की वजह से ट्रैफिक जाम हो जाता है; यदि हां, तो सरकार अपना फास्टैग बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## हाइड्रोजन व इथेनॉल नीति

***2959 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश में हाइड्रोजन व इथेनॉल नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## राम गोपाल मंदिर

***2960 श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कांगड़ा जिला के डमटाल में स्थित राम गोपाल मंदिर की भूमि कितनी है; क्या इस भूमि की निशानदेही की प्रक्रिया जारी है; यदि हां, तो कितनी भूमि की निशानदेही की जा चुकी है;

(ख) यह सत्य है कि सरकार द्वारा मंदिर भूमि की निशानदेही हेतु सेवानिवृत्त पटवारी, कानूनगो एवं अंशकालिक कर्मचारियों की नियुक्ति के संबंध में आदेश जारी किए गए हैं; यदि हां, तो क्या इन कर्मचारियों की नियुक्ति की जा चुकी है तथा क्या उन्होनें अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है; यदि नहीं, तो वर्तमान में निशानदेही की प्रक्रिया किसके द्वारा संचालित की जा रही है;

(ग) क्या इतने विशाल भू-भाग वाले मंदिर हेतु पूर्णकालिक पटवारी या कानूनगो नियुक्त/

स्वीकृत हैं; यदि नहीं, तो सरकार इन्हें नियुक्त करने का विचार रखती है;

(घ) सरकार मंदिर न्यास की आय में वृद्धि हेतु कोई विशेष योजना तैयार कर रही है; ब्यौरा दें; और

(ङ) इस मंदिर की भूमि पर कितने व्यक्तियों या संस्थाओं द्वारा किराया देकर कब्जा किया है; इन व्यक्तियों या संस्थाओं को किस नियम, अधिसूचना अथवा सरकारी आदेश के तहत किन-किन तिथियों में यह अनुमति प्रदान की गई थी; ब्यौरा दें?

----

## सड़क मरम्मत

*2961 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बागीपुल-जाओं सड़क वर्ष में कितने माह तक यातायात के लिए बंद रहती है; क्या सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि यह सड़क पूरा साल यातायात हेतु खुली रहे तथा इसे पक्का करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## बाथू पुल

*2962 **श्री आर.एस. बाली (नगरोटा):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बाथू पुल पर 60 मीटर पुल बनना प्रस्तावित है; यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इस हेतु धनराशि का प्रावधान किया जा रहा है; ब्यौरा दें?

----

## नए संस्थान

*2963 **श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष से दिनांक 20 फरवरी, 2025 तक सरकार द्वारा कितने नए संस्थान खोलने की अधिसूचना जारी की गई; ब्यौरा संस्थानवार दें;

(ख) इस अवधि में सरकार द्वारा प्रस्तावित कौन से कार्यालय व संस्थान खोले गए; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा जो संस्थान डिनोटिफाई किए गए हैं तथा जिन हेतु स्थानीय किसानों ने अपनी मलकियत भूमि संस्थान के नाम कर दी है; क्या सरकार उन संस्थानों को पुनः खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## औद्योगिक क्षेत्र

***2964 श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सड़कों सहित अन्य विकासात्मक कार्यों हेतु बी0बी0एन0 औद्योगिक क्षेत्र बी0बी0एन0डी0ए0 पर निर्भर है; यदि हां, तो इसमें शामिल क्षेत्र का ब्यौरा दें; प्रतिवर्ष इस प्राधिकरण को कितनी धनराशि प्रदान की जाती है; और

(ख) गत दो वित्तीय वर्षों में दिनांक 20 फरवरी, 2025 तक बी0बी0एन0डी0ए0 को सरकार द्वारा कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई तथा क्या गत वर्षों की तुलना में इस वर्ष भी कटौती की गई है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## शराब नीति

***2965 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में शराब नीति के अन्तर्गत कितने क्लस्टर ठेकेदारी हेतु दिए गए तथा इनसे कितनी धनराशि प्राप्त हो रही है;

(ख) इनसे कितनी बकाया धनराशि प्राप्त होनी शेष है; ठेकेदारों व फर्म के नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ग) गत दो वर्षों में दिनांक 20 फरवरी, 2025 तक वर्तमान शराब नीति से कुल राजस्व प्राप्ति तथा बकाया धनराशि का ब्यौरा दें?

----

## मुख्य मंत्री सुखाश्रय योजना

***2966 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 20 फरवरी, 2025 तक मुख्य मंत्री सुखाश्रय योजना के तहत कितने लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें; और

(ख) इस योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि किन-किन मदों, निजी संस्थाओं व व्यक्तियों द्वारा दी गई; ब्यौरा दें?

----

## पानी का टैंक

***2967 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जल शक्ति विभाग द्वारा धरयार में एक पानी के टैंक का निर्माण करवाया जाना था जिसका कार्य आरम्भ नहीं किया गया है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

----

## नशे की रोकथाम

***2968 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार जिला चम्बा में नशा मुक्ति केंद्र खोलने का विचार रखती है;

(ख) सरकार ने नशे की रोकथाम हेतु क्या किन्हीं संस्थाओं के साथ अनुबंध किया है; यदि हां, तो नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने हेतु क्या नए जागरूकता अभियान, योजनाएं तथा खेल प्रतियोगिताएं चलाई जा रही हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण?

----

## बस सेवा

***2969 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चुराग-ठांगर रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा 6:20 पर चलने वाली बस सेवा को बंद कर दिया गया है; यदि हां, तो कारण?

----

## कूहल निर्माण

***2970 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत करशैगढ़ (Karsheigad) के तहत दोहाल खड्ड कूहल का निर्माण कार्य कब आरंभ किया गया; इसके निर्माण एवं मरम्मत पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इस कार्य से कितने लोग लाभान्वित हुए; क्या यह कूहल वर्तमान में उपयोग में

है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## समाप्त पद

***2971 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत दो वर्षों में सरकार द्वारा बोर्डों/निगमों में बहुत से संस्थानों को बंद किया गया है; यदि हां, तो इन संस्थानों में कुल कितने पद सृजित किए गए थे; ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(ख) क्या इन संस्थानों को बंद करने से ये सभी पद भी समाप्त हो चुके हैं; यदि हां, तो क्या इन्हें पुनः सृजित किया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**12 मार्च, 2025.** **सचिव**